

## एक नजर में

### मनोरमा सेठी का निधन



**बाकानेर**–स्वर्गीय दीपचंद जी ,अनिल ,सुनील गंगवाल की बहन सपना, सुरभि, नितिन ,सौरभ , रजत, अक्षत, की बुआ जी पूरब काला की मासीजी स्वर्गीय श्री लक्ष्मी नारायण जी सेठी की धर्म पत्नी श्री मती मनोरमा सेठी(मन्ना जीजी) का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया अंत्येष्टि 20/11/25 गुरुवार को माननदी तट पर की गई अंतिम यात्रा में नगर में समाज जनों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की

### बाग में होगा 23 नवम्बर को युवा संगम



**बाग .** युवाओं की टोली गली मोहल्ले मे घर–घर जाकर सम्पर्क कर युवा संगम में आने हेतु प्रेरित कर पंजीयन कर रहे हैं ।संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है, उसी सन्दर्भ में सम्पूर्ण भारत वर्ष में अनेकों कार्यक्रम समाज के बीच किये जा रहे है, उसी कड़ी में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन भी पूरे देश के साथ बाग मे आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफलता प्रदान करने के संदर्भ मे युवको का दल परिवार सम्पर्क कर आने का आवाहन कर रहे है । जो कि बाग खण्ड स्तर पर आयोजित किया जाना तय हुआ है, युवा संगम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए युवाओं को संघ से जोड़ना और संघ के विचार को समझाना है, ताकि अधिक से अधिक युवा संघ से जुड़ कर देश हित और समाज हित मे कार्य करे, उसी उद्देश्य को नियत रखते बाग खण्ड में भी रविवार 23 नवंबर को स्थानीय सरस्वती शिशु विघा मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें बाग नगर और ग्रामीण आँचल से तकरीबन 600 से अधिक युवाओ ने सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। रविवार सुबह से शुरू होगा, कार्यक्रम में सर्व प्रथम 1 घटे खेल, उसके बाद संघ के 100 वर्ष की यात्रा पर चर्चा सत्र रखा जिसमें युवाओं से इस विषय वर चर्चा करी जायेगी कि किस तरह संघ ने अपने 100 वर्ष पूरे किए है? उसके बाद समापन सत्र में बौद्धिक रहेगा ,फिर सामूहिक भोजन होगा ।युवाओं ने कार्यक्रम में आने हेतु युवा टोली नगर में घर घर पहुंच कर सम्पर्क कर आमंत्रित कर पंजीयन कर रही है ।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम






**सरदारपुर .** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार (उत्तर) पारुल बेलापुरकर तथा एसडीओपी सरदारपुर विश्वदीप सिंह परिहार के मार्गदर्शन में आज दिनांक 20.11.2025 को थाना प्रभारी सरदारपुर रोहित कछावा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम जोलाना मे महिला जागरुकता के सम्बन्ध मे विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक नवलसिंह बघेल एवं सहायक उप निरीक्षक रामसिंह गौर द्वारा महिलाओ मे जागरुकता के सम्बन्ध मे बच्चो को गुड–टच, बेड–टच, महिला हेल्पलाईन सम्बन्धी जानकारी, सायबर अपराध से बचाव के तरिके, एवं सोशल मिडिया से होने वाले दुष्परिणामो के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई । बघेल ने बच्चो को बाल अधिकार की जानकारी देते हुए गुमशुदगी की रोकथाम हेतु आवश्यक सावधानिया बरतने हेतु महत्वपुर्ण दिशा निर्देश दिये ।वही महिला आरक्षक प्रीती जैन ने छात्राओ का उत्साह बढाते हुए आत्मरक्षा के गुर सिखाए एवं समाज मे निडर एवं साहसिक बनकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर अच्छे पदो पर आसीन होकर समाज की सेवा करने हेतु प्रेरित किया ।कार्यक्रम मे बच्चो के चेहरे पर मुस्कान के साथ काफी उत्साह देखा गया ।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रकाश ग्रेवाल, शिक्षकगण, पुलिस स्टाफ एवं छात्र–छात्राए उपस्थित रहे ।

### खेल ग्राउंड के अभाव में खेल प्रेमी खेलने के लिए भटकते रहते है ग्रांउड की तलाश में



**बाग** – खेल प्रेमियों के लिए कोई भी खेल खेलना अब मुश्किल होता जा रहा हे जबकि खेल जीवन का अहम हिस्सा हो चला हे ।उसके बावजूद बाग खेल प्रेमी ग्राउंड के अभाव में कोई भी खेलने के लिए भटकते रहते हैं ।ग्राउंड की तलाश में । नगर मे इन दिनों खेल प्रेमियों के लिए खेलना दूभर हो रहा हे क्योंकी इतने बड़े नगर में एक भी खेल ग्राउंड एसा नहीं हे जहा खेल प्रेमी कोई खेल खेल सके नगर में एक दो ग्राउंड थे जहां अपना अभ्यास खेल प्रेमी किया करते थे किंतु वहां भी निति जमीनें होने से उन्हें वहां खेलने से वंचित होना पड़ा फिलहाल हास्पिटल परिसर में ग्राउंड हे मगर वहां की कही दीक्कतो का सामना करना पड़ा था हे ।नगर से एक डेढ़ किलो मीटर दूर जाना पड़ता हे साथ ही वहां समस्या भी बहुत हे खासकर क्रिकेट प्रेमियों को इसका सामना करना पड़ रहा है कोई बड़ा खेल प्रतियोगिता करवाना हो तो कहा करवाए यह भी समस्या खड़ी रहती हे कुल मिलाकर आज की स्थिती में नगर में कोई खेल ग्राउंड नहीं हे ओर खेल प्रेमी कहीं मेहनत कर के ग्राउंड तैयार करते भी हे तो वहां थोड़े दीन बाद कहीं न कहीं परेशानी आ जाती है । मुख्यमंत्री एवं नेताप्रतिपक्ष से खेल ग्राउंड की लगाई गुहार –नगर के खेल प्रेमी वकार खान मोहसीना पठान एवं अन्य खेल प्रेमियों ने प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं माननीय नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंगार से गुहार लगाते हुए मांग की हे की नगर में कोई खेल ग्राउंड नहीं होने से हम खेल प्रेमियों को खेलने के लिए बड़ी परेशानी का सामना करना पडता है नगर में कहीं खेल ग्राउंड नहीं बचा हे ऐसे मैं हम हमारी प्रतिभा को केसे निखारे हमारी नगर में कहीं खेल प्रेमी युवा साथी हे जो आज क्रिकेट से लेकर अन्य खेलों के लिए ग्राउंड की तलाश में भटकते रहतै हे.

नवभारत

बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें–
स्वदेश सिंह पंवार
मो.बा. 96306-42180

# नल जल योजना : हर घर नल आखिर कहां है जल

## नल जल योजना से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा समय पर पानी जनता व शासन को योजना के नाम पर लगाया करोड़ों रुपए का चूना

**सरकार की इस करोड़ों की लागत से योजना में भी लापरवाही**

**लाबरिया ।मयंक जायसवाल**

**सरदारपुर तहसील के ग्राम पंचायत लाबरिया अंतर्गत राजोद नल जल कि सरकार द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना के अंतर्गत, जहां–जहां पानी की समस्या है। वहीं पानी की टंकी द्वारा गलियों में पाइप लाइन डलवा कर, गांव के हर घर में नल लगाए गए हैं। जिनसे सभी को पानी की सुविधा घर पर ही मिले। लेकिन कुछ गैर जिम्मेदार लोगों की वजह से सरकार की इस करोड़ों की लागत से योजना में भी लापरवाही दिख रही है।**








इसी कड़ी में विकासखंड सरदारपुर की ग्राम पंचायत लाबरिया का चयन हर घर नल जल योजना के अंतर्गत हुआ था जिसमें पानी की सप्लाई के लिए प्लांट बनाया गया था जो कि इस समय पूरी तरह से फेल है गांव की जनता को नहीं मिल पा रहा इतनी बरसात के बाद भी समय पर पानी करना पड़ता है 4 से 5 दिन इंतजार उसके बाद संबंधित जिम्मेदार कर्मचारियों को फोन लगाने के बाद कुछ पाने की व्यवस्था हो पाती है तो कभी टंकी खाली होने का बना देते हैं बहाना जिससे परेशान होकर कहीं ग्रामीणों ने 181 पर कई बार शिकायत भी कर चुके

**क्या कहना है स्थानीय निवासी का**–लाबरिया के स्थानीय निवासी लक्षी पवार का कहना है की 5 से 6 दिनों में नल में पानी आता है जिस्मे भी बार–बार प्लांट पर जाकर उन्हें नल के लिए अवगत करवाना पड़ता है मेरे द्वारा कई बार शिकायत भी की गई पानी को लेकर शिकायत होने के 24 घंटे बाद नल में पानी दे दिया जाता है या फिर टंकी खाली होने का बहाना बनाकर आश्वासन दे दिया जाता है और शिकायत उठावा दी जाती है और फिर वही 5–6 दिनों में नलों में पानी दिया जाता है

शासन की चलाई गई नल जल योजना पूरी तरह से लापरवाही के कारण फेल हो चुकी है ग्राम पंचायत लाबरिया मैं ही बने करोड़ों की योजना से अगर 1 किलोमीटर की दूरी में ही पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं कर सकते इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गांव के आसपास मजरो वह अन्य गांव में पानी की व्यवस्था क्या होगी जो पुरानी पानी की टंकियां पंचायत के हैंडोवर थी वह भी विभाग द्वारा नल जल योजना वालों को हैंडोवर कर दी जिससे ग्राम पंचायत द्वारा पुराने नलों में पानी भी नहीं दिया जा सकता

जिस वजह से पानी का प्रेशर भी बहुत ही कम आता है। क्योंकि बिना परीक्षण कराए घर–घर नल लगा दिया गया। इसको देखते हुए ग्रामीणों ने मुझे कई बार शिकायत की है कि, पर्याप्त वर्षा होने के बाद भी अगर 1 किलोमीटर पर बने करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट से पानी की यह व्यवस्था है तो गर्मी में क्या हाल होगा

**सरपंच प्रतिनिधि रमेश ओसारी का कहना है**–हमारे द्वारा ग्राम पंचायत की स्थानीय लोगों के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था हमारे द्वारा की गई थी जिसमें सरकार द्वारा चलाई गई योजना में हमारे पंचायत की टंकियां इन्हें हैंडोवर कर दी गई जिस पर मैंने संबंधित अधिकारियों को भी कहा था कि यह जो पुरानी पानी की टंकी है यह पंचायत के हैंडोवर ही रहने दो जिससे पानी की समस्या को लेकर पुराने नलों में गांव की जनता को पानी दे सके

**इस संबंध में क्या कहना है जनपद प्रतिनिधि का**–ऐतिहासिक जीत के बाद जनपद प्रतिनिधि नारायण गुड्डा भाई मारू का शुरू से ही एक ही लक्ष्य था कि जब चुनाव आते हैं जब ग्रामीणों तक विकास नहीं सिर्फ वादे ही किए जाते हैं मेरा एक ही लक्ष्य है ग्रामीणों के साथ आसपास के मजरो का भी ख्याल जनप्रतिनिधियों को रखना चाहिए जिस प्रकार चुनाव के टाइम पर ग्राम पंचायत के मजरो टोली में वादे करके आते हैं उन्हें पूर्ण भी करना चाहिए उन्हें भी देश की योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचना चाहिए उन्हें भी अधिकार है कि स्वच्छ जल के साथ स्ट्रीट लाइट सड़के जैसी सुविधा मिले साथ ही नारायण मारू गुड्डा भाई ने यह भी बताया कि इस योजना को चले करीबन 1 वर्ष से अधिक हो गया है मगर ग्राम पंचायत लाबरिया का सबसे बड़ा माजरा बड़ी बोरदी छोटी बोरदी मैं पाइपलाइन तो बिछा दी गई लेकिन उनके घरों तक आज तक पानी नहीं पहुंच पाया आसपास के मजरो के आदिवासी भोली भाली जनता को कई प्रकार की सुविधा है जो नहीं पहुंच पाती है।

### क्षेत्रीय विधायक ने भी उठाई थी आवाज

इस योजना के निर्माण कार्य के समय में घटिया किस्म की सामग्री उपयोग में लाने व कम गहराई में पाइपलाइन डालने के संबंध में ग्रामीण की शिकायत पर सरदारपुर क्षेत्रीय विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा अधिकारियों को निर्देश देते हुए संबंधित ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण काम करने वी क्षेत्र की जनता को पाने की समस्या ना हो उसके लिए संबंधित अधिकारी व ठेकेदारों को फटकार भी लगाई थी और उन्होंने कहा था कि यह योजना ज्यादा समय तक टिकने वाली नहीं है लेकिन कांग्रेस विधायक होने के कारण उनकी आवाज को दबा दिया गया था.

### आखिर क्यों बने प्रमुख जिम्मेदार उप सरपंच से गैर जिम्मेदार

लाबरिया उप सरपंच नारायण मारू भट्ट साहब ने बताया कि जिस समय योजना के अंतर्गत गली व रास्तों में पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई की जा रही थी, तब भी ग्रामीणों ने घटिया सामग्री लगाने पर इसका विरोध किया था वह मुझे अवगत भी करवाया गया था जिस पर मैंने संबंधित अधिकारी ठेकेदार वह मेरे पंचायत बॉडी को ग्रामीणों को हो रही असुविधा को लेकर हमारे द्वारा आवाज भी उठाई गई लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं की गई साथ ही चुनावी वादों के अनुसार मेरे गांव की जनता को मेरे द्वारा अपनी सफाई वह बिजली को लेकर कुछ वादे भी किए थे जो मैंने उप सरपंच की शपथ लेने के कई महीनो बाद ही ग्रामीणों को पंचायत की मदद वह पंचो की सहयोग से उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया जिसमें लगभग 2 वर्ष से अधिक सुचारू रूप से चलाई गई गांव की मूल समस्या रोड पर गंदा पानी गांव में अंधेरा व पिने के पानी की व्यवस्था को लेकर ग्राम पंचायत के कर्मचारी से मिलकर पानी की पर्याप्त व्यवस्था मेरे द्वारा की गई थी जिसमें गर्मी में भी गांव की जनता को पर्याप्त पानी हमारे द्वारा दिया गया लेकिन मेरी पंचायत में भी कुछ गैर जिम्मेदार व बाहरी लोग हे जो गांव में पूरा दिन फ्री घूमने के बाद पंचायत बॉडी कर्मचारी सरपंच प्रतिनिधि जनपद प्रतिनिधि को अपना काम करने मैं बाधा उत्पन्न करते हैं उन्हें गांव का विकास बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता जिससे फिलहाल गांव की व्यवस्था पुरी चौपट हो चुकी है जिससे मेरी ग्रामीण जनता को हो रही पानी, सफाई व गलियों में लाइट की असुविधा को देखकर मुझे बड़ा दुख होता है हालांकि चौराहे पर पंचायत द्वारा सरपंच प्रतिनिधि व जनपद प्रतिनिधि व गांव की जनता के सहयोग से चौराहे पर स्टेट लाइट का काम शुरू हो गया है जिसमें पांच जगह को चिन्हित किया गया है




## सरदारपुर में बेहतर शिक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है : विधायक प्रताप ग्रेवाल

*सांदीपनी सीएम राईज विद्यालय मे स्नेह सम्मेलन का हुआ आयोजन*

**सरदारपुर .** शासकीय सांदीपनी सीएम राईज विद्यालय सरदारपुर में बुधवार को स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रताप ग्रेवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सरदारपुर विधानसभा के छात्र–छात्राओ को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए हम हमेशा प्रतिबध्द है छात्र–छात्राओ को बेहतर शिक्षा के लिए सीएम राईज स्कुल, कन्या शिक्षा परिसर का निर्माण कार्य प्रगतिरत है वही सांदीपनी सीएम राईज विद्यालय के लिए 100 सीटर बालक एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास की सौगात भी सरदारपुर को मिल चुकी है। स्वास्थ्य के क्षैत्र मे सरदारपुर मे सिविल अस्पताल क्षैत्रवासियो के लिए महत्वपूर्ण सौगात है। सफलता की तिजोरी कडी मेहनत, लगन और संघर्ष से खुलती है सभी छात्र–छात्राए कडी मेहनत करे और सफलता प्राप्त करे, स्नेह सम्मेलन का छात्र–छात्राए पूरे वर्ष इंतजार करते है। कार्यक्रम को नगर परिषद् अध्यक्ष मिनाक्षी अर्पित ग्रेवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बलराम यादव, वरिष्ठ पार्षद संजय जायसवाल, पार्षद अमरसिंह सोनेर, भावना सावन भैरवे ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व सर्वप्रथम मॉ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था प्राचार्य झेड.एस.पटेल एवं अन्य शिक्षको द्वारा मुख्य अतिथि विधायक प्रताप ग्रेवाल सहित समस्त अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।

## गंधवानी के खाटू श्याम मंदिर में 10 लाख की चोरी





**गंधवानी .** गंधवानी नगर के समीप ग्राम खेड़ी में नवनिर्मित बाबा खाटू श्याम मंदिर में बुधवार रात्रि में चोरी की घटना हो गई यहां पर बदमाशों ने मंदिर के अंदर घुसकर चांदी का छात्र बाबा का मुकुट नगदी समेत लगभग 10 लाख रुपए का सामान चुरा लिया घटनाक्रम का पता सुबह मंदिर खुलते ही लगा तो यहां पर श्याम प्रेमी भक्तों की भीड़ उमड पड़ी साथ ही चोरी की वारदात से लोगों में इतना गुस्सा था कि उन्होंने तत्काल नगर बंद का आह्वान कर दिया गंधवानी नगर के व्यापारिक प्रतिष्ठान घटना के विरोध स्वरूप आधे दिन तक बंद रहे वहीं बस स्टैंड पर एकत्रित भीड़ के द्वारा चक्का जाम भी कर दिया गया भीड़ को समझने के लिए एसडीओपी भी मोनिका सिंह पहुंची थी जिन्होंने लोगों को समझ कर मार्ग को खुलवाया लेकिन लोगों में घटनाक्रम का गहरा आक्रोश है वही घटनाक्रम के बाद एडिशनल एसपी विजय डावर भी यहां पर पहुंचे थे जिन्होंने मौके को देखा।

वही समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण आर्य और अन्य सदस्यों के द्वारा गंधवानी पुलिस थाने में चोरी के घटनाक्रम की रिपोर्ट भी दर्ज कराई है।( 10 तारीख को हुआ था प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव)ग्राम खेड़ी में बाबा खाटू श्याम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बीती 10 तारीख को ही हुआ था यहां पर बाबा के श्रृंगार के चांदी के जेवरात और नगदी रखा हुआ था बदमाशों के द्वारा चोरी कर लिया गया इसी बात से भक्तों में गहरा आंकड़ों से और उन्होंने तत्काल घटनाक्रम के बाद विरोध दर्ज कर दिया और नगर बंद का आह्वान भी किया.

**एक नजर** पटेल की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय यूनिटी मार्च में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर भी शामिल हुई

# सरदार पटेल जयंती पर स्कूली बच्चों का पैदल मार्च








**कुक्षी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में निकली जिला स्तरीय यूनिटी मार्च (यात्रा) में स्कूली बच्चों के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री सावत्री ठाकुर शामिल हुई.यात्रा का शुभारम्भ सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल से हुआ ।इस मौके पर कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर,भाजपा नेत्री रंजना बघेल,प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल,भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार,वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश धाड़ीवाल,पुलिस मयंक अवस्थी मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि आधुनिक भारत की नींव सरदार पटेल नें अपनी दूरदर्शिता, दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ रखते हुए देश को एक सूत्र पिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार करने की सभी से अपील की।

एसपी मयंक अवस्थी नें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया ।सरदार पटेल स्कूल से शुरू हुई एकता यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो निकली जिसमें हाथों में तिरंगा लिए बच्चों साथआदिवासी लोक नृत्य दल, स्काउट बैंड के साथ सामाजिक संगठनों से जु? लोग ब?ी संख्या में शामिल हुए.पद यात्रा का पाटीदार समाज संगठन,पोरवा? समाज,सिर्वी समाज,सोनी समाज,कचहरी चौक आदि स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत हुआ ।यात्रा का समापन शासकीय महाविद्यालय में हुआ जहाँ इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए

इस मौके पर रिटायर्ड मेजर बंशीधर वर्मा व स्वर्ण पदक विजेता बनवारी लाल वर्मा को सम्मानित किया गया.

इस मौके पर नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा,भाजपा नेता मुकामसिंह किरा?,यात्रा प्रभारी अजय पाटीदार, जिला खेल अधिकारी राजेश शाक्य,मोहन चौपा?िया,पूनम कसेरा,वीरेंद्र बघेल,संदीप पटेल,जयदीप गुंजाल,रविंद्र जैन रुपम,ओपी पाटीदार,हर्षित मुकाती आदि शामिल हुए ।कार्यक्रम का संचालन मनोज साधु नें किया उक्त जानकारी भाजपा मिडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता नें दी।